हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार 23 मई 2026

11 पेट्रोल पम्पों व गैस एजेंसियों के बाद अब बैंकों के...



12 सरकार की अनदेखी से दलदल बन रही...



## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी मामले में सप्लायर लवली दबोचा

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों और उनके सप्लायरों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना सदर रतिया पुलिस ने मुख्य नशा सप्लायर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान लवली निवासी गांव नंगल, रतिया के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि 7 अप्रैल को पुलिस टीम गांव नंगल से हाकमवाला रोड नहर पुल पर गश्त और नाकेबंदी पर तैनात थी। इस दौरान पुलिस ने मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवकों को काबू किया था।

### सनातन धर्म मंदिर सत्संग 24 से 26 मई तक

**फतेहाबाद।** रामनिवास मोहल्ला स्थित सनातन धर्म मंदिर में वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में तीन दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 24 से 26 मई तक मंदिर प्रांगण में होगा। मंदिर के सेवदार जगत रूखाया ने बताया कि स्वामी गोपालानंद के मार्गदर्शन में होने वाले सत्संग समारोह में लुधियाना की सुकीर्ति भारती जी महाराज प्रवचनों और भजनों के माध्यम से निहाल करेंगी। उन्होंने बताया कि 24 और 25 मई को बाद दोपहर 3.30 बजे से शाम 6.30 बजे तक सत्संग समारोह होगा।

### बाइक चोरी में जींद के तीन युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए टोहाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल जींद जिले के तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान निर्मल सिंह निवासी नरनगढ़, जिला जींद तथा अजय व विक्रम उर्फ विक्की निवासी कलवान, जिला जींद के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक कुलदीप सिंह ने बताया कि हनुमान नगर, टोहाना निवासी अशोक कुमार ने इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई थी।

### महिला सहित पंजाब के दो नशा तस्कर पकड़े

**फतेहाबाद।** नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में पंजाब के दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 12 किलो 875 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद किया है। सीआईए रतिया प्रभारी उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी गई है।

### जिले की सभी सड़कें गड्ढा मुक्त हों : डीसी

**फतेहाबाद।** जिला की सभी मुख्य एवं संपर्क सडक़ों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए। सडक़ मरम्मत कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए और जहां भी सडक़ें क्षतिग्रस्त हैं वहां शीघ्र प्रभाव से मरम्मत कार्य पूर्ण किए जाएं। सरकार की प्राथमिकता सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था उपलब्ध करवाना है।

### चोपटा आईटीआई में रोजगार मेला 25 को

**चोपटा।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नाथूसरी चौपटा में 25 मई को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य बुध राम के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस मेले का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराना है। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी व ग्रुप इंस्ट्रक्टर अमनदीप ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मेला प्रातः 10 बजे शुरू होगा।

प्रदेश में तापमान लगातार नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा

# रेगिस्तानी हवाओं ने झोंकी आग, फतेहाबाद 42 डिग्री पर पहुंचा 29 मई तक राहत के आसार नहीं, आज बूंदाबांदी की संभावना

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

थार मरुस्थल से उठ रही गर्म और शुष्क पश्चिमी हवाओं ने पूरे हरियाणा को भीषण गर्मी की चपेट में ले लिया है। शुक्रवार सुबह से ही तेज धूप और लू के थपेड़ों ने लोगों का घरों से निकलना मुश्किल कर दिया। दोपहर होते-होते बाजारों और सडक़ों पर सन्नाटा पसरा नजर आया। प्रदेश में तापमान लगातार नए रिकॉर्ड की ओर बढ़ रहा है। शुक्रवार को फतेहाबाद हरियाणा का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि फिलहाल किसी मजबूत मौसम प्रणाली के सक्रिय नहीं होने से 29 मई से पहले गर्मी से बड़ी राहत मिलने की संभावना बेहद कम है।

## थार मरुस्थल से उठ रही गर्म और शुष्क पश्चिमी हवाओं ने पूरे हरियाणा को चपेट में लिया

**29 मई के आसपास एक नया पश्चिमी विक्षोभ होगा सक्रिय**

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार थार मरुस्थल से लगातार आ रही गर्म पश्चिमी हवाएं प्रदेश में लू का असर और तेज कर रही हैं। साफ आसमान और चुभती धूप के कारण सुबह से ही जमीन तपने लगती है और दोपहर तक हालात बेहद कठिन हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि आज एक हल्का पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, लेकिन इसका असर सीमित रहेगा। इससे कुछ इलाकों में आंशिक बादल छा सकते हैं, हालांकि तापमान में ज्यादा गिरावट की उम्मीद नहीं है। उन्होंने कहा कि 29 मई के आसपास एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से मौसम में बदलाव आ सकता है और लोगों को झुलसाने वाली गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। उधर, चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कृषि मौसम विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ ने बताया कि 23 मई तक प्रदेश का मौसम परिवर्तनशील बना रह सकता है। 23 मई को कई जिलों में आंशिक बादल छाने, धूल भरी हवाएं चलने तथा कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बूंदाबांदी होने के आसार हैं। उन्होंने कहा कि इस बदलाव से दिन के तापमान में हल्की गिरावट दर्ज हो सकती है, लेकिन 24 से 27 मई के बीच मौसम फिर से खुश्क और गर्म रहने की संभावना है। इस दौरान गर्म हवाएं दोबारा तापमान में बढ़ोतरी कर सकती हैं।



**फतेहाबाद।** गर्मी में सुनसान पड़ी सड़क से गुजरते बाइक सवार।

### हीटवेव से बचाव के लिए जरूरी सावधानी बरतें नागरिक : डॉ. विवेक भारती

*फतेहाबाद। भीषण गर्मी और हीट वेव के दौरान आमजन स्वास्थ्य सुरक्षा के मद्देनजर विशेष सावधानी बरतें। लगातार बढ़ते तापमान को देखते हुए नागरिक अपनी दिनचर्या में आवश्यक बदलाव करें और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को गंभीरता से अपनाएं, ताकि लू और गर्मी से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। यह आह्वान जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के चेयरमैन एवं डीसी डॉ. विवेक भारती ने आमजन से किया। डीसी डॉ. भारती ने कहा कि नागरिक अनावश्यक रूप से दोपहर के समय घरों से बाहर निकलने से बचें तथा अधिकतर समय छायादार और ठंडी जगहों पर रहें। यदि किसी कारणवश बाहर जाना जरूरी हो तो सुबह और शाम ठंडे समय में ही बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि बाहर जाते समय छाता, टोपी, गमछा अथवा तौलिये का प्रयोग अवश्य करें ताकि शरीर को सीधी धूप से बचाया जा सके। चेयरमैन ने कहा कि गर्मी के मौसम में हल्के रंग के ढीले सूती कपड़े पहनें, जिससे शरीर को आराम और ठंडक मिल सके। साथ ही शरीर में पानी की कमी न होने दें*

## दाने-दाने को मोहताज हुए मजदूर परिवार

# टोहाना में शॉर्ट सर्किट से 12 झुग्गियां जलकर राख

आग की लपटें उठती देख बस्ती में मची भगदड़, दौड़े लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

शुक्रवार दोपहर टोहाना शहर में उस समय चीख-पुकार मच गई, जब रेलवे पुल के नीचे स्थित बाबा बूटा बस्ती में अचानक भीषण आग लग गई। बिजली के तारों में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण लगी इस आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते 12 गरीब परिवारों के आशियाने जलकर खाक हो गए। इस हादसे में पीड़ितों का घरेलू सामान, नकदी और जरूरी दस्तावेज पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि झुग्गियों में रहने वाले लोगों को सामान निकालने तक का मौका नहीं मिला। आग की लपटें उठती देख बस्ती में भगदड़ मच गई। लोग अपने मासूम बच्चों को गोद में उठाकर जान बचाने के लिए सुरक्षित स्थानों की ओर भागे।



**फतेहाबाद।** टोहाना में झुग्गियों में लगी आग। *फोटो : हरिभूमि*



**फतेहाबाद।** टोहाना में आग की भेंट चढ़ा सामान। *फोटो : हरिभूमि*

गनीमत रही कि हादसे में किसी की जान नहीं गई, लेकिन 12 परिवारों का सब कुछ स्वाहा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाडिय़ां मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, स्थानीय निवासियों ने दमकल विभाग पर लापरवाही और देरी से पहुंचने का आरोप लगाया है।

**छलका दर्द**

लोगों का कहना है कि अगर फायर ब्रिगेड समय पर आ जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। सूचना मिलने के बाद चंडीगढ़ रोड चौकी पुलिस और डायल-112 की टीम भी मौके पर मुस्तैद दिखी। पीड़ित लोगों ने कहा कि हम दूसरे राज्यों से आकर यहां अनाज मंडी में मजदूरी करते हैं। आग ने हमारे बेड, पंखे, कूलर, बर्तन और कपड़े सब जला दिए। हमारे पास अब कुछ नहीं बचा। प्रत्यक्षदर्शी महिला संतोष ने कहा कि हादसे के बाद बस्ती में केवल मलबे का ढेर और चीख-पुकार बची है। रोती-बिलखती एक अन्य पीड़ित महिला ने बताया कि उसने अपने परिवार के इलाज के लिए कुछ पैसे जोडक़र रखे थे, जो इस आग की भेंट चढ़ गए। पहले से ही आर्थिक तंगी से जूझ रहे इन परिवारों के सामने अब रोटी और छत का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद सभी 12 पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गए हैं। बेघर हुए मजदूरों ने सरकार और जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि उन्हें तुरंत रहने के लिए तिरपाल, राशन और आर्थिक सहायता प्रदान की जाए, ताकि वे इस संकट से उबर सकें।

# हमले के आरोपी दो सगे भाई दबोचे

- राइस ट्रेडिंग घोटाले की रंजिश में रतिया के व्यापारी पर जानलेवा हमला, दो सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

एक राइस ट्रेडिंग व्यापारी पर षड्यंत्र रचकर जानलेवा हमला करवाने के मामले को रतिया पुलिस ने सुलझा लिया है। पुलिस ने इस वारदात के मुख्य आरोपी दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान राहुल कुमार और शुभम कुमार निवासी डैजी कॉलोनी, रतिया के रूप में हुई है। थाना शहर रतिया प्रभारी निरीक्षक पुष्पा ने बताया कि मॉडल टाउन रतिया निवासी राइस ट्रेडिंग व्यापारी संजीव कुमार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित संजीव कुमार ने राइस शैलरों में हुए करोड़ों रुपये के घपले व घोटालों को उजागर करने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग फतेहाबाद को शिकायतें दी हुई थीं। इसी बात से आरोपी उनसे रंजिश रखने लगे। 10 मई को जब संजीव कुमार अपनी गाड़ी से घर लौट रहे थे, तो चार अज्ञात हमलावरों ने उनका रास्ता रोक लिया।



**रतिया।** व्यापारी पर हमले के मामले में गिरफ्तार दोनों भाई। *फोटो : हरिभूमि*

**जांच जारी**

पीड़ित के बयान और मेडिकल लीगल रिपोर्ट के आधार पर थाना शहर रतिया में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गहनता से की गई जांच के बाद इस पूरे षड्यंत्र का पर्दाफाश किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों मुख्य आरोपियों के कब्जे से वारदात में इस्तेमाल की गई एक गाड़ी और मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है और जल्द ही बाकी हमलावरों को भी काबू कर लिया जाएगा।

## खिलौना ट्रैक्टर बेचने के नाम पर ऑनलाइन ठगी

राजस्थान का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना भट्टूकलां पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने राजस्थान के लालरेण पट्टा निवासी आरोपी रणजीत उर्फ टोनी को काबू कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से एक हजार रुपये की नकदी भी बरामद की है। गौरतलब है कि इस मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी पहले ही हो चुकी है। थाना भट्टूकलां प्रभारी उपनिरीक्षक राधे श्याम ने बताया कि बनमदौरी निवासी सुनील पुत्र सरजीत सिंह जो एम.ए. की पढ़ाई कर रहा है, ने इस धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई थी। सुनील ने 12 फरवरी को इंस्टाग्राम पर एक अकाउंट पर एक खिलौना ट्रैक्टर मॉडल देखा था। मॉडल पसंद आने पर उसने उस अकाउंट पर संपर्क किया।



पुलिस गिरफ्त में धोखाधड़ी का आरोपी।

## कांग्रेस सरकार की दमनकारी सोच का करेगी विरोध: अमित

**डबवाली।** तेल व गैस की कीमतों में कमरतोड़ बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस पार्टी के प्रदर्शन के दौरान पूर्व विधायक अमित सिहाग ने उन भाजपा नेताओं पर कटाक्ष किया जो पूर्व की यूपीए सरकार के समय मंच एवं सडक़ों पर तेल, गैस की बढ़ती कीमतों पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. मनमोहन सिंह का तिरस्कार व उपहास उड़ाया करते थे। पूर्व विधायक ने कहा कि केंद्र एवं हरियाणा भाजपा के नेता जो उस समय तेल कीमतों में मामूली वृद्धि पर अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करते थे आज वे चुप्पी साधे बैठे हैं।



**सिरसा।** 70 लाख की फिरौती मांगने वाले आरोपी के बारे में पत्रकारों को जानकारी देते डीएसपी।

# 70 लाख की फिरौती मांगने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

शहर के सी-ब्लॉक क्षेत्र से 12 वर्षीय नाबालिग लडक़े का अपहरण कर 70 लाख रुपए की फिरौती मांगने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में शामिल तीन अन्य युवकों की भी पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। डीएसपी राजेश कुमार ने बताया कि इंद्रपुरी मोहल्ला निवासी राजेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सुरतगढिय़ा चौक पर उसकी किताबों की दुकान है। उसकी दुकान पर चतरगढ़पट्टी निवासी सौरभ पिछले करीब तीन वर्षों से काम कर रहा था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका 12 वर्षीय बेटा सी-ब्लॉक स्थित ट्यूशन सेंटर में पढऩे जाता है और सौरभ उसे प्रतिदिन बाइक पर ट्यूशन छोडऩे जाता था। बीते दिन शाम करीब 5 बजे सौरभ उसके बेटे को बाइक पर ट्यूशन छोडऩे जा रहा था। जैसे ही वे सी ब्लॉक क्षेत्र में पहुंचे, पीछे से आई एक नैनो कार ने बाइक के आगे गाड़ी लगाकर उन्हें रोक लिया। कार से उतरे तीन नकाबपोश युवकों ने सौरभ और बच्चे को जबरन गाड़ी में बैठा लिया।

**बोले डीएसपी**

डीएसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी दीपक सहारण ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो नामजद व दो अन्य आरोपियों के खिलाफ अपहरण, जबरन वसूली सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्जकर जांच शुरू की। जांच के दौरान जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी की टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सौरभ निवासी झोपड़ा रोड, चतरगढ़ पट्टी सिरसा को गिरफ्तार कर लिया।

## धर्मशाला में वाटर कूलर भेंट किया

**ओढां।** भीषण गर्मी को देखते हुए नायक थोरी धर्मशाला ओढ़ा में समाजसेवी महेंद्र कुमार सिंगला ने अपनी पत्नी स्व.सुनीता देवी की स्मृति में वाटर कूलर दान में दिया है। अब धर्मशाला में आने जाने वाले व राहगीरों को इस तपती गर्मी शीतल जल मिलेगा। इस अवसर पर धर्मशाला के प्रधान लखी ओढ़ा ने कहा कि गर्मियों में भीषण चिलचिलाती धूप और लू के बीच राहगीरों, बच्चों और जरूरतमंदों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे पुण्य का काम है। इस चिलचिलाती धूप में पैदल चलने वाले यात्रियों और खुले में काम करने वाले मजदूरों को ठंडा पानी पीने से राहत मिलती है। समाजसेवी बलविंदर खुराना ने कहा कि भारतीय संस्कृति और सनातन धर्म में जल दान को सबसे बड़ा दान (महादान) माना गया है। प्यासे को पानी पिलाना ही ईश्वर की सच्ची सेवा है। वाटर कूलर की फिटिंग करवाकर शुरू करवाने के इस नेक कार्य में प्रधान लखी ओढ़ा, भोला सिंह, सतनाम सिंह, बिट्टू गर्ग, बलविंदर खुराना आदि रहे।



**सिरसा।** नायक धर्मशाला में भेंट किए गए वाटर कूलर को शुरू करवाते हुए प्रधान लखी सिंह।

## सफाई के लिए फ्लाइंग स्क्वॉड गठित

**फतेहाबाद।** पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी विभाग निर्धारित गाइडलाइन की पालना पूर्ण गंभीरता और जिम्मेदारी के साथ करें। गांवों और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नियमित निरीक्षण किए जाएं तथा कचरा प्रबंधन से संबंधित नियमों की सख्ती से पालना सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश डीसी डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में ठोस कचरा प्रबंधन नियम के क्रियान्वयन को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। डीसी ने एमए शाखा को निर्देश दिए कि जिले में ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट सेल का गठन किया जाए। इसके अतिरिक्त सभी एसडीएम को इस सेल का सदस्य बनाया गया है ताकि विभिन्न स्तरों पर स्वच्छता गतिविधियों की निगरानी सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि सभी एसडीएम के नेतृत्व में फ्लाइंग स्क्वॉड गठित किए जाएंगे। जो गांवों और शहरों में स्वच्छता व्यवस्था की रैंडम जांच करेंगे।

**बैठक** अवैध कॉलोनियों में सरकारी पैसे से सड़कें बनाने की शिकायत एजेंडे में शामिल

# मंत्री की मीटिंग में बीजेपी नेता ही खोलेंगे भ्रष्टाचार की फाइल, कृष्ण बेदी आज करेंगे सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी की फतेहाबाद में आज होने वाली पहली ग्रीवेंस कमेटी मीटिंग राजनीतिक और प्रशासनिक दोनों लिहाज से बेहद अहम मानी जा रही है। वजह यह है कि इस बैठक में बीजेपी के ही एक पदाधिकारी अपनी ही सरकार के सिस्टम पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप रखने जा रहे हैं। रतिया मार्केट कमेटी के वाइस-चेयरमैन कुलवंत सैनी ने रतिया नगर पालिका में अधिकारियों, ठेकेदारों और भूमि माफिया की मिलीभगत से सरकारी पैसे के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। उनकी शिकायत को ग्रीवेंस कमेटी के आधिकारिक एजेंडे में शामिल किया गया है। डीपीआरसी हॉल में शनिवार को होने वाली इस बैठक में कुल 11 मामलों की सुनवाई होगी। इनमें 10 नए और एक पुराना एजेंडा शामिल है।



कुलवंत सैनी, वाइस चेयरमैन, रतिया मार्केट कमेटी।

**मंत्री के रूख पर निगाहें**

बीजेपी संगठन के पदाधिकारी द्वारा अपनी ही सरकार के विभागों पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने से प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। अब नजर इस बात पर रहेगी कि मंत्री कृष्ण बेदी इन शिकायतों पर क्या रुख अपनाते हैं और क्या मौके पर कोई बड़ा आदेश जारी होता है।

**यह है आरोप**

- रतिया नगर पालिका पर अवैध कॉलोनियों में सडक़ निर्माण करवाने का आरोप।
- शिकायत के मुताबिक निजी जमीनों पर अवैध तरीके से कॉलोनी काटकर वहां सरकारी फंड से सडक़ें बनाई जा रही हैं।
- नगर पालिका अधिकारियों, ठेकेदारों और भूमि माफिया की मिलीभगत का आरोप।
- शिकायतकर्ता का दावा- कई बार सचिव और जेई को अवगत करवाने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई।
- मौके का निरीक्षण भी हुआ, लेकिन काम नहीं रुका।
- पूरे मामले की जांच सीएम फ्लाइंग से करवाने की मांग।

**मीटिंग में उठेंगे ये बड़े मुद्दे**

- **बड़ोपल** : नकली पाइप लाइन लगाने और रिकवरी न होने का मामला।
- **जांडली कलां** : 22 साल पुरानी पेयजल लाइन के कारण पानी संकट।
- **गाजूवाला** : महिला ने पति और बेटी के लिए इंसाफ मांगा।
- **बनमंदोरी** : बिना मान्यता स्कूल चलाने की शिकायत।



# दृश्यम 3 के स्क्रीनिंग के दौरान इमोशनल हुए मोहनलाल

**मुंबई।** मोहनलाल की मच अवेटेड फिल्म 'दृश्यम 3' 21 मई को रिलीज हुई। खास बात यह है कि इसी दिन अभिनेता ने अपना 66वां जन्मदिन भी मनाया। फिल्म को लेकर लगातार शानदार रिव्यू सामने आ रहे हैं। इसी बीच मोहनलाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह दर्शकों का रिएक्शन देखकर इमोशनल हो जाते हैं। अपनी फिल्म 'दृश्यम 3' के फर्स्ट डे, फर्स्ट शो स्क्रीनिंग के दौरान मोहनलाल काफी इमोशनल नजर आए। वायरल वीडियो में मोहनलाल अपनी की टीम के साथ थिएटर में बैठे नजर आ रहे हैं। फैंस के साथ फिल्म का फर्स्ट डे, फर्स्ट शो देखते हुए अभिनेता काफी भावुक हो गए और अपनी आंखों से आंसू पोंछते दिखाई दिए। इस दौरान उन्होंने तालियां बजा रहे एक दर्शक का हाथ जोड़कर धन्यवाद भी किया।



लाइफ Style

# रिद्धि
## फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद न रखें

अभिनेत्री रिद्धि डोगरा ने हाल ही में एक पोस्ट साझा की है, जिसमें वह युवा लड़कियों को एक खास मैसेज दे रही हैं। यह संदेश कहीं ना कहीं जाकर मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले से जुड़ता है। बीते दिनों भोपाल से एक मॉडल ट्विशा शर्मा की मौत की खबर आई। रिपोर्ट में पुष्टि हुई थी कि ट्विशा की मौत फांसी लगाने से हुई, यह मामला अब दहेज जैसी कुप्रथा से जाकर भी जुड़ गया है। इस मामले पर कई सेलेब्स भी रिएक्ट कर चुके हैं।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिद्धि डोगरा की पोस्ट भी इसी मामले से जुड़ी हुई लगती है। वह अपनी पोस्ट में लड़कियों को आत्मनिर्भर बनने की सीख दे रही हैं, फेमिनिज्म का असली मतलब बता रही हैं। रिद्धि डोगरा ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'युवा लड़कियों और लड़कों यह 2026 है। प्लीज शादी को जरूरत से ज्यादा रोमांटिक बनाना बंद करें। अब शादी पहले जैसी नहीं रही। लड़कों को यह समझना चाहिए कि लड़कियां अब हर बात पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करेंगी, क्योंकि कानून और समाज ने उन्हें सशक्त बनाया है। आज वे नौकरी कर सकती हैं। समाज में सम्मान से जी सकती हैं। इसलिए उन्हें किसी पर निर्भर होकर जीने की जरूरत नहीं है। लड़कियों को शादी की जरूरत जिंदगी चलाने के लिए नहीं है।' रिद्धि आगे लिखती हैं, 'लड़कियों प्लीज यह उम्मीद मत रखिए कि शादी के बाद आपका बॉयफ्रेंड कोई मिस्टर परफेक्ट बन जाएगा। वे भी इंसान है। इस नई दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है। उनके लिए यह बदलाव और भी नया है, क्योंकि उन्होंने एक अलग समाज देखा है, जहां पुरुषों से अलग उम्मीदें रखी जाती थीं। एक बार फिर कहूंगी, आप किसी फेयरीटेल जैसी शादी की उम्मीद मत रखिए। खुद को शिक्षित बनाइए। अपने लिए जीना सीखिए और अपने लिए खड़े होना सीखिए। शादी प्यार और सम्मान के लिए कीजिए।' रिद्धि ने शादी में किसी दूसरे के दखल को लेकर भी कुछ काफी कुछ लिखा।

हॉलीवुड मसाला



# रिकी के लाइव शो में मचा बवाल...

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर रिकी मार्टिन के कॉन्सर्ट के फैंस दीवाने हैं। उनके लाइव टूर के दौरान एक फैन ने ऐसी हरकत कर दी, जिससे कॉन्सर्ट के रंग में भंग पड़ गया। हालांकि सुरक्षाकर्मियों ने स्थिति पर जल्द काबू पा लिया। जिसके बाद कॉन्सर्ट दोबारा शुरू कर दिया गया। गायक रिकी मार्टिन का इन दिनों एक लाइव टूर पर हैं। जिस वजह से मॉन्टेनेग्रो में उनके एक शो का आयोजन हुआ था। फैंस स्टेज के नीचे उनके गानों पर झूम रहे थे। सिंगर स्टेज पर गा रहे थे। उसी दौरान एक फैन ने स्टेज की तरफ आंसू गैस का छिड़काव कर दिया। जिससे शो के दौरान अफरा- तफरी मच गई। जिसके बाद मार्टिन को स्टेज से सुरक्षित ग्रीन रूम में ले जाया गया। दूसरी तरफ सुरक्षाकर्मियों और अधिकारियों नें स्थिति सामान्य कर ली। रिकी मार्टिन ने अपने करियर की शुरुआत 12 साल की उम्र में।



# स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे में काम करना सपनों जैसा

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार जेंडाया और टॉम हॉलैंड फिल्मी दुनिया के मशहूर कपल हैं। दोनों पार्टनर होने के साथ-साथ को स्टार्स भी हैं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने टॉम हॉलैंड के साथ अपनी आगामी फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' की शूटिंग के दौरान के अनुभव साझा किए। एक्ट्रेस जेंडाया ने एक इंटरव्यू में अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, 'फिल्म 'स्पाइडर मैनः ब्रांड न्यू डे' में काम करना मेरे लिए एक सपने जैसा है। यहां मुझे हर दिन अपने सबसे अच्छे दोस्त और सबसे करीबी व्यक्ति के साथ काम करने का मौका मिलता है। हम अपने पेट डॉग को भी काम पर लाते हैं। यह एक पारिवारिक माहौल जैसा है। हम इन फिल्मों को देखते हुए बड़े हुए हैं। इस फिल्म के सेट पर घर लौटने जैसा महसूस होता है।' जेंडाया ने अपनी और टॉम की दूसरी फिल्म 'द ओडिसी' के बारे में भी काफी कुछ कहा। उन्होंने बताया कि इसमें टॉम के साथ उनका कोई एक्शन सीन नहीं है जिससे उन्हें टॉम को सेट पर काम करते देखने का मौका मिलता है। उन्हें इस फिल्म पर काम करते देख उन्हें गर्व महसूस होता है। बता दें, 'द ओडिसी' 17 जुलाई को रिलीज होने वाली है। इसमें जेंडाया ने एथेना का किरदार निभाया है जो ज्ञान की देवी है और ओडीसियस की रक्षक भी।



# बॉस्को और प्रियंका की दोस्ती के हुए 25 साल

**मुंबई।** मशहूर बॉलीवुड कोरियोग्राफर बॉस्को मार्टिस ने सोशल मीडिया पर ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा के साथ अपनी कई खूबसूरत तस्वीर शेयर की हैं। दोनों के कामकाजी रिश्ते को 25 साल पूरे हो चुके हैं, जिसका जश्न मनाते हुए बॉस्को ने एक खास पोस्ट और नोट सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉस्को की इस पोस्ट पर प्रियंका ने दिलचस्प जवाब दिया है। बॉस्को मार्टिस ने इंस्टाग्राम पर अपने साथ प्रियंका चोपड़ा की कई तस्वीरें और सेल्फी शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ बॉस्को ने कैप्शन में लिखा, '25 साल पूरे और यह सफर आगे भी जारी रहेगा। प्रियंका, आपकी एनर्जी कमाल की है। आपके साथ काम करना हमेशा बहुत मजेदार होता है।' इस तस्वीर में प्रियंका चोपड़ा सफेद रंग की स्टाइलिश ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि बॉस्को ब्लैक कपड़ों और कैप में कूल नजर आ रहे हैं।



# सुहाना के जन्मदिन पर अनन्या शनाया ने लुटाया प्यार

**मुंबई।** शुक्रवार को शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान ने अपना 26वां जन्मदिन मनाया। इस खास मौके पर सुहाना खान की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे और शनाया कपूर ने सोशल मीडिया पर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी है।शनाया कपूर ने अपनी सबसे अच्छी दोस्त सुहाना खान को जन्मदिन की बधाई देते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दोनों रंग-बिरंगी यूरोपीय इमारतों और नावों के सामने एक साथ पोज देती नजर आ रही हैं। तस्वीर के साथ शनाया ने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे माई सु। लव यू फॉर लाइफ। जिंदगी भर के लिए ढेर सारा प्यार। सुहाना ने शन्या की इस पोस्ट को लाइक किया और इसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। अनन्या पांडे ने भी अपनी दोस्त सुहाना को जन्मदिन की खास बधाई देते हुए इंस्टाग्रम स्टोरी पर एक प्यारी तस्वीर शेयर की है।

टीवी मसाला



# महिलाओं की सबसे बड़ी मुश्किल हल करती है 'हूज योर' सीरीज

**नई दिल्ली।** महिलाओं के यौन स्वास्थ्य से जुड़े कई मिथ्य, रूढ़ियां, और संकोच होते हैं, जो आज के प्रोग्रेसिव समय में भी देखने को मिलते हैं। हूज योर गायनेक सीजन एक स्त्री रोग विशेषज्ञ के जरिए इन्हीं समस्याओं पर गहरी बात करती है। साल 2023 में आई सबा आजाद की वेब सीरीज हूज योर गायनेक का आधार महिलाओं के यौन समस्याओं के प्रति जागरुकता थी। अब एमएक्स प्लेयर पर आया दूसरा सीजन उन समस्याओं को लेकर आया है, जिसे ज्यादातर महिलाएं इग्नोर करती हैं। कहानी पहले सीजन से आगे बढ़ती है। इस बार डॉक्टर विदुषी (सबा आजाद) के सामने नई चुनौतियां हैं। इस बार लव लाइफ तो ट्रैक पर है, लेकिन करियर पर खतरा मंडरा रहा है। उसे अपना क्लीनिक बचाना है, जिसका रेंट भरने तक के उसके पास पैसे नहीं है और क्लीनिक बंद होने की कगार पर आ खड़ा है। साथ ही साथ वह अपनी उस बेस्ट फ्रेंड को मदरहुड गिल्ट व पोस्टपार्टम डिप्रेशन से बाहर निकालने की कोशिश करती है, जिसकी डिलीवरी उसने की है। पांच एपिसोड्स के जरिए डॉक्टर विदुषी निजी जिंदगी में चुनौतियों के साथ-साथ महिलाओं के यौन संबंधी समस्याओं पर गहरी बात करती है। सीरीज में अलग-अलग केस के जरिए मदर गिल्ट, पोस्टपार्टम डिप्रेशन, हार्मोनल डिसबैलेंस के चलते बेबी कंसीव न करना, पीरियड इंटीमेसी मिथ्य, सेल्फ केयर, आइडेंटिटी, बढ़ती उम्र में पीरियड के खत्म होने के दौरान महिलाओं को होने वालीं दिक्कतें, सी-सेक्शन कराने का डर समेत कई समस्याओं को दिखाया गया है।

## खतरों के खिलाड़ी 15 में भिड़ेंगे ये प्रतिभागी

**नई दिल्ली।** इस बार टीवी और फिल्मों के चर्चित सेलेब्स 'खतरों के खिलाड़ी 15' का हिस्सा बन रहे हैं। शो के होस्ट रोहित शेट्टी के साथ सभी प्रतियोगी साउथ अफ्रीका के लिए रवाना हो चुके है। 'खतरों के खिलाड़ी 15' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। इसमें भाग लेने वाले 13 प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं। गौरव खन्ना टीवी के चर्चित एक्टर हैं, कई हिट सीरियल्स का वो हिस्सा रहे हैं। सीरियल अनुपम से उन्हें खूब पॉपुलैरिटी मिली। सीरियल 'बालिका वधू' के जरिए अविका गौर घर-घर मशहूर हुईं। सीरियल 'ये हैं मोहब्बतें' में रूही का किरदार रुहानिका धवन ने निभाया था, इस सीरियल में उन्होंने चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम किया। अब वह बड़ी हो चुकी हैं। मॉडल, एक्ट्रेस फराहान भट्ट रियलिटी शो 'बिग बॉस 19' का हिस्सा बनकर लाइमलाइट में आई थीं। एक्ट्रेस जैस्मिन भसीन भी टीवी सीरियल की दुनिया का जाना-माना नाम हैं। वह टीवी एक्टर अली गोनी को डेट कर रही हैं। जैस्मिन अपने चुलबुले अंदाज के लिए जानी जाती हैं। ओरी सोशल मीडिया पर एक इंफ्लुएंसर के तौर पर फेमस हैं।



# आराध्या संग कान फेस्टिवल के लिए रवाना हुईं ऐश्वर्या

**मुंबई।** ऐश्वर्या राय हाल ही बेटी आराध्या के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं और कहा जा रहा है कि वह कान फिल्म फेस्टिवल में शिरकत करने गई हैं। पिछले दिनों जब ऐश्वर्या उस इंटरनेशनल कॉस्मेटिक ब्रांड के वीडियो में नहीं दिखीं, जिसकी वह कई साल से एंबेसेडर हैं और Cannes में प्रमोट करती रही हैं, तो फैंस भड़क गए थे। ऐश्वर्या भी पब्लिक की नजरों से गायब थीं, जबकि कान के रेड कार्पेट पर आलिया भट्ट से लेकर बाकी सेलेब्स नजर आ रहे थे। यहां तक कि आलिया का पोस्टर भी ब्रांड के वीडियो में था। अब जब ऐश्वर्या कान जाने के लिए निकलीं और एयरपोर्ट पर नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। हालांकि, मुंबई एयरपोर्ट पर कुछ ऐसा हुआ, जिससे खुद ऐश्वर्या तो चौंक गईं पर उनके जेस्चर ने फैंस का दिल जीत लिया। दरअसल, जब ऐश्वर्या एयरपोर्ट पर पहुंचीं, तो अफरा-तफरी में किसी की चप्पल वहां निकल गई। उसे देख ऐश्वर्या रुकीं और इशारा करके पूछा कि किसकी है और फिर पपाराजी से 'केयरफुल' रहने को कहा। इसके बाद एक फैन ने



ऐश्वर्या से तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश की, तो वह हंसी-खुशी मान गईं। उसके साथ पोज दिए और पपाराजी को बाय बोलकर आगे बढ़ गईं। ऐश्वर्या जल्दी में थीं, फिर भी उन्होंने फैंस और पपाराजी को वक्त दिया। उनकी इसी अदा ने यूजर्स का दिल जीत लिया है।

# पूजा ने आमिर के साथ साझा की पुरानी तस्वीरें

**मुंबई।** 90 के दशक की फिल्में, गाने और सेलेब्स की जोड़ियां आज भी सिनेमाप्रेमियों की पहली पसंद हैं। इस बीच अभिनेत्री व फिल्ममेकर पूजा भट्ट ने आमिर खान के साथ 90 के दशक की कुछ तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरें किसी फोटोशूट की मालूम पड़ती हैं। हालांकि, पूजा ने इन तस्वीरों के पीछे की कहानी को लेकर जो कुछ कहा है, उसको लेकर फैंस और भी उत्साहित हैं और इनके पीछे की कहानी जानना चाहते हैं। पूजा भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर आमिर खान के साथ 90 के दशक के एक फोटोशूट की दो तस्वीरें साझा की हैं। ये पुरानी तस्वीरें मशहूर फोटोग्राफर गौतम राज्याध्यक्ष ने खींची थीं। इन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पूजा ने कैप्शन में लिखा, 'एक दिन मैं गौतम राज्याध्यक्ष के ह्यूजेस रोड स्थित आलीशान घर की बालकनी में खींची गई इन तस्वीरों के पीछे की कहानी जरूर साझा करूंगी। लेकिन, अभी नहीं। इससे पहले आमिर को याद दिला दूं और जितेश पिल्लई को (जैसा कि मैंने बहुत समय पहले वादा किया था) सारी जानकारी देकर उन्हें खुश कर दूं। तस्वीरों में आमिर और पूजा यंग नजर आ रहे हैं। दोनों ने मैचिंग करते हुए सफेद रंग के कपड़े पहने हुए हैं। दोनों साथ में प्यारा पोज दे रहे हैं। पूजा भट्ट और आमिर खान ने 1991 की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'दिल है के मानता नहीं' में एक साथ काम किया था। इसका निर्देशन पूजा भट्ट के पिता और दिग्गज फिल्ममेकर महेश भट्ट ने किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी और इसके गाने आज भी कई लोगों की प्लेलिस्ट में शामिल हैं। फिल्म में आमिर ने पत्रकार रघु जेटली का किरदार निभाया था, जबकि पूजा ने अमीर घर की वारिस पूजा धर्मचंद की भूमिका निभाई थी। पूजा भट्ट हाल ही में 'बॉम्बे बेगम्स' और 'बिग बॉस ओटीटी 2' जैसे प्रोजेक्ट्स में नजर आईं। जबकि आमिर खान पिछले साल आई फिल्म 'सितारे जमीन पर' में नजर आए थे। इसके अलावा उन्होंने हाल ही में अपने बेटे जुनैद खान की फिल्म 'एक दिन' को प्रोड्यूस किया था। हालांकि, यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी थी।

खास अंदाज में दिखे सितारे



## बहुत पसंद किया गया यह गाना, लिरिक्स में छिपा है पिता का दर्द

# बेटे से बिछड़ने के गम में लिखा गाना, लव सॉन्ग समझकर गाते हैं लोग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आ लौट के आजा मेरे मीत... गाना सुनकर ज्यादातर लोगों को लगता है कि यह प्रेमी-प्रेमिका के विरह का गाना है। पर इस गाने के बनने की कहानी बेहद इमोशनल करने वाली है। हकीकत जानने के बाद जब आप इसके बोल ध्यान से पढ़ेंगे तो अहसास होगा कि इसमें एक पिता का दर्द छिपा है। यह गाना रानी रूपमति का है। इसे पंडित भरत व्यास ने लिखा था। यही नहीं, उनका एक और गाना अपने बेटे से बिछड़ने के बाद का जिनमें एक पिता की पीड़ा महसूस की जा सकती है। यह कहानी कम लोग जानते हैं।

### बेटे की याद में आ लौट के आ जा मेरे मीत

इसके बाद रानी रूपमति के गाने 'आ लौट के आ जा मेरे मीत' में भी भरत व्यास ने बेटे की याद में लिखा था। अब आप जब इस गाने को सुनेंगे या लिरिक्स पढ़ेंगे तो उनका कलेजा चीरने वाला दर्द साफ पता चलेगा। यह गाना बहुत पसंद किया गया। अच्छी बात यह थी इसके बाद उनका बेटा वापस आ गया।



### ऐसे लिखा जरा सामने तो आ छलिए

बच्चे की तलाश जारी थी। हर जतन किया जा रहा था। दूसरी ओर भरत व्यास का काम से मन हट गया। वह गुमसुम रहने लगे और चिड़चिड़े हो गए। बताया जाता है कि एक दिन एक प्रोड्यूसर ने उनसे गाना लिखने की दरख्वास्त की। भरत परेशान थे, उन्होंने गुस्से में ना कह दिया। उनकी पत्नी ने निर्माता से कहा कि वह उन्हें समझाएंगी। भरत की पत्नी ने उन्हें समझाया तो वह राजी हो गए। भरत व्यास ने 'जरा सामने तो आ ओ छलिए' गाना अपने बेटे की याद में लिखा। गाने को लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी ने गाया।

### पिता की वेदना से निकला था गाना

आ लौट के आजा मेरे मीत, जरा सामने तो आओ छलिये ये दो गाने भरत व्यास ने अपने बेटे से बिछड़ने के बाद लिखे थे। 1957 की म्यूजिकल हिट 'जनम जनम के फेरे' का एक गाना आज तक सुना जाता है। फिल्म रिलीज के वक्त यह रेडियो पर प्रसारित होता था और लोगों ने इसे बहुत पसंद किया। गाना दिल की गहराई तक उतरता है। कम लोग जानते हैं कि गाने को बोलों में छिपी वेदना एक पिता की संवेदना से आई थी। गाना भरत व्यास ने उस वक्त लिखा था जब वह अपने बेटे के रूठकर कहीं चले जाने के दर्द से गुजर रहे थे।

### नाराज होकर चला गया था बेटा

भरत व्यास का बेटा श्याम सुंदर दास बहुत लाडला था। छोटी-छोटी बातों का उस पर गहरा असर हो जाता था। एक दिन वह अपने पिता की किसी बात से नाराज हो गया। गुस्से में घर से चला गया। बेटे को बहुत खोजा गया। विज्ञापन दिए, पोस्टर लगाए। मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे हर जगह प्रार्थना की। बेटा नहीं मिला। भरत व्यास इस दर्द में थे। बेटे के जाने का गम उन्हें खाए जा रहा था। वह डिप्रेशन में जाने लगे और अपराधबोध में आ गए।

## खबर संक्षेप

### स्मैक तस्करी में 2 साल कैद व 20 हजार जुर्माना

**फतेहाबाद।** नशीले पदार्थ तस्करी के मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए फतेहाबाद की अदालत ने एक बड़ा फैसला सुनाया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-स्पेशल जज एनडीपीएस एक्ट, फतेहाबाद हेमंत यादव की अदालत ने स्मैक तस्करी के एक मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए 2 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही दोषी पर 20 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 2 महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।

### कार से कुचलकर हत्या के मामले में एक और काबू

**सिरसा।** शहर से सटे गांव खाजाखेड़ा में कार से कुचलकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। सिरसा सदर थाना प्रभारी ने शुक्रवार को बताया कि मृतक सोनू के पड़ोस में रहने वाले सागर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह सैलून का कार्य करता है। करीब एक वर्ष पूर्व एक पैलेस में आयोजित शादी समारोह के दौरान गुरु तेग बहादुर कॉलोनी निवासी जसविंद्र उर्फ बठल ने उससे नैपकिन मांगी थी, लेकिन सागर ने नैपकिन देने से मना कर दिया था। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और झगड़ा हुआ था। इसी रंजिश को लेकर आरोपियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। शिकायतकर्ता ने बताया कि घटना वाली रात 25 अप्रैल को कुछ युवक मोटरसाइकिलों पर सवार होकर गांव में आए थे। इसके बाद आरोपी कार में सवार होकर मौके पर पहुंचे और जान से मारने की नीयत से सीधे सोनू पर कार चढ़ा दी।

### जयचंद कंबोज सर्वसम्मति से बने प्रधान

**सिरसा।** सरकुलर रोड स्थित स्टील एंड फर्नीचर एसोसिएशन की बैठक हुई। बैठक में जयचंद कंबोज को सर्वसम्मति से एसोसिएशन का प्रधान बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी ने तालियों की करतल ध्वनि के साथ सहमति जताई। सदस्यों ने उपप्रधान के लिए दिनेश वधवा, महासचिव के लिए राजेश धवन, कोषाध्यक्ष के लिए बसंत अरोड़ा के नाम पर भी सहमति जताई। इस मौके पर नवनियुक्त प्रधान ने कहा कि व्यापारियों की सभी समस्याओं के समाधान के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। इस मौके पर बसंत कुमार, रमेश सोनी, राजेश, राजेश आहूजा, सुखविंद्र सिंह, दिनेश, रिशभ, प्रेम कुमार, राजेश डाबर व अन्य दुकानदार मौजूद थे।

### तीन दिवसीय विशेष लोक अदालत 21 अगस्त से

**सिरसा।** सर्वोच्च न्यायालय ने अपने समक्ष लंबित मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से समाधान समारोह नामक एक विशेष अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य मध्यस्थता के माध्यम से विवादों का त्वरित और आपसी सहमति से निपटारा सुनिश्चित करना है। यह अभियान 21 अप्रैल से प्रारंभ हो चुका है और इसका समापन 21, 22 एवं 23 अगस्त को आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बगोतिया ने बताया कि इस विशेष अभियान के दौरान विभिन्न मामलों में पक्षकारों को आपसी सहमति से समाधान निकालने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे न्यायिक प्रक्रिया को सरल, सुलभ और प्रभावी बनाया जा सके।

### जिला जज ने आश्रम का किया निरीक्षण

**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश पुनीष जिंदिया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संतोष बागोतिया ने स्थानीय भाई कन्हैया आश्रम का दौरा किया गया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, भोजन व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद दिव्यांग एवं अन्य से बातचीत की साथ ही आश्रम के प्रयासों की सराहना की।

## सांसद ने सरकार पर युवाओं, किसानों और आमजन की अनदेखी का लगाया आरोप

# पेट्रोल पम्पों व गैस एजेंसियों के बाद अब बैंकों के बाहर लगीं लोगों की कतारें : सैलजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

सिरसा क्षेत्र की सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने अपने लोकसभा क्षेत्र के चौथे दिन के प्रवास के दौरान टोहाना में जनता की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक परमवीर सिंह सहित कांग्रेस के अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कुमारी सैलजा ने कहा कि वर्तमान सरकार की गलत नीतियों और जनविरोधी फैसलों के कारण आज हर वर्ग परेशान है। युवाओं के साथ लगातार भेदभाव किया जा रहा है, किसानों और व्यापारियों को भारी आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है, जबकि आम आदमी महंगाई और अव्यवस्थाओं के बोझ तले दब चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार की नाकामियों का असर अब सीधे आम जनता के दैनिक जीवन पर दिखाई देने लगा है। सांसद ने कहा कि पहले एलपीजी गैस, पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी कर जनता की कमर तोड़ी गई। लोगों को पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी लाइनों में खड़ा होना पड़ा और अब हालात यह हैं कि बैंकों के बाहर भी लोगों की कतारें लग रही हैं। जिन लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई बैंकों में जमा कर रखी है, उन्हें अपना ही पैसा निकालने के लिए परेशान होना पड़ रहा है। यह स्थिति सरकार की आर्थिक नीतियों और प्रशासनिक विफलता को उजागर करती है। कुमारी सैलजा ने कहा कि किसानों को खेती के लिए खाद, बीज और नकदी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। व्यापारी बाजारों में मंदी और आर्थिक अस्थिरता से जूझ रहे हैं, जबकि युवा बेरोजगारी और भर्ती प्रक्रियाओं में भेदभाव से निराश हैं। सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और जनता का भरोसा लगातार टूट रहा है।



फतेहाबाद। टोहाना में कार्यकर्ताओं की शिकायतें सुनते सांसद कुमारी सैलजा। फोटो : हरिभूमि

### ये भी बोलीं सांसद

उन्होंने कहा कि सरकार को जनता को गुमराह करने के बजाय सच्चाई स्वीकार करनी चाहिए और तुरंत प्रभावी कदम उठाने चाहिए। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज भविष्य को लेकर चिंतित है। रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं और जो भर्तियां निकलती भी हैं, उनमें पारदर्शिता दिखाई नहीं देती। दूसरी ओर महंगाई लगातार बढ़ रही है, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार केवल प्रचार में व्यस्त है, जबकि जमीन पर जनता समस्याओं से जूझ रही है। कुमारी सैलजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा किसानों, युवाओं, व्यापारियों और आम जनता की आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। सरकार को चाहिए कि वह जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान करे, बैंकों में नकदी की व्यवस्था सुनिश्चित करे, महंगाई पर नियंत्रण लगाए और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करे, ताकि लोगों को अपने ही अधिकारों और पैसों के लिए दर-दर भटकना न पड़े।




फतेहाबाद। धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार मुकेश कुमार। फोटो: हरिभूमि

## क्रिकेट सट्टे ने उजाड़ा परिवार, 15 लाख हारने वाले व्यक्ति को पुलिस ने बनाया आरोपी

### पत्नी की ओर से दर्ज केस में पति संलिप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रिकेट सट्टेबाजी और 15 लाख की धोखाधड़ी से जुड़े चर्चित मामले में शहर थाना फतेहाबाद पुलिस ने सातवें आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ा खुलासा किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि जिस व्यक्ति को पीड़ित बताया जा रहा था, वह खुद भी अवैध सट्टा कारोबार में शामिल था। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि भट्टा कॉलोनी निवासी एक महिला ने शिकायत दी थी कि आरोपियों ने उसके पति को साजिश के तहत शराब पिलाकर क्रिकेट सट्टेबाजी की आईडी उपलब्ध करवाई और धोखे से उससे 15 लाख रुपये से अधिक की रकम हारवा दी। भारी आर्थिक नुकसान और मानसिक तनाव के चलते उसके पति ने आत्महत्या का प्रयास भी किया था। शिकायत के आधार पर थाना शहर फतेहाबाद में धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र और हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ गैंब्लिंग एक्ट-2025 की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले में पुलिस पहले ही छह मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। पुलिस ने बताया कि जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों और वित्तीय लेन-देन की गहन पड़ताल की गई। इसमें सामने आया कि शिकायतकर्ता का पति भी अवैध क्रिकेट सट्टेबाजी नेटवर्क से जुड़ा हुआ था और उसकी भूमिका केवल पीड़ित की नहीं थी। इसके बाद पुलिस ने उसे मामले में सातवें आरोपी के रूप में गिरफ्तार कर लिया। फतेहाबाद पुलिस अब पूरे अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क की कड़ियों को खंगाल रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि क्रिकेट सट्टेबाजी और जुआ न केवल आर्थिक अपराध हैं, बल्कि परिवारों को बर्बाद करने वाले गंभीर सामाजिक खतरे भी हैं।



## योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि तन, मन और आत्मा को संतुलित रखने वाली संपूर्ण जीवनशैली : अनिल

**फतेहाबाद।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय विद्यालय सुलीखेड़ा में हरियाणा सरकार, हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में योग जागरूकता एवं योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष योग सहायक अनिल कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों को कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम और सूर्य नमस्कार जैसी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया। इस दौरान उन्होंने योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. प्रवीण शर्मा के निर्देशन, जिला योग समन्वयक डॉ. भारती चौहान, जिला योग स्पेशलिस्ट अंबिका पांटा तथा ब्लॉक योग समन्वयक डॉ. विश्वजीत जांगड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक करते हुए अनिल कुमार ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति एवं ऋषि-मुनियों की अमूल्य देन है, जो आज पूरे विश्व को स्वास्थ्य, ज्ञान और शांति का मार्ग दिखा रही है।


# संयुक्त पंजाब के सबसे वयोवृद्ध पूर्व विधायक सहीराम का 105 वर्ष की उम्र में निधन

### लंबे समय तक अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डबवाली

संयुक्त पंजाब के सबसे वयोवृद्ध पूर्व विधायक, हिंदी आंदोलन सेनानी और समाजसेवी सहीराम बिश्नोई (एडवोकेट) का 105 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया है। गांव सकताखेड़ा में शाम को बिश्नोई समाज की रीति-रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया।

सहीराम के निधन पर राजनीतिक, सामाजिक, धामिर्क संगठनों व बिश्नोई समाज ने गहरा शोक जताया है। जिला प्रशासन की ओर से डबवाली के तहसीलदार ने पुष्पचक्र चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।सहीराम बिश्नोई का जन्म 12 जनवरी 1922 को भावलपुर रियासत के प्रसिद्ध गांव तालिया (कुम्भाणा) में जमीदार चौधरी रामलाल धारणियां के घर हुआ था। वे 104 वर्ष 4 माह 10 दिन का उनका लंबा जीवन बिश्नोई समाज, भारतीय राजनीति और देश के बदलते दौर का जीवंत दस्तावेज माना जाता है। अपने अंतिम समय तक साधारण किसान की तरह रहने वाले सही राम ने सत्ता, पद और प्रसिद्धि से कहीं अधिक सादगी और सत्य को महत्व दिया। शिक्षा के प्रति गहरी रुचि होने के कारण उन्होंने मोगा से 10वीं पास की और फिर उच्च शिक्षा के लिए लाहौर का रुख किया। उस दौर में लाहौर पूरे उत्तर भारत का प्रमुख शिक्षा और सांस्कृतिक केंद्र माना जाता था। उन्होंने वहीं लाहौर लॉ कॉलेज से लॉ की पढ़ाई शुरू की और वकालत के क्षेत्र में आगे बढऩे की तैयारी की लेकिन वर्ष 1947 का देश विभाजन उनके जीवन का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ। विभाजन के दौरान पूरे पंजाब में दंगे, भय और असुरक्षा का माहौल बन गया।



पूर्व विधायक सहीराम।

# सफाई कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

खंड ओढ़ा के ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का पुतला फूंका। इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार की निंदा की। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान बलराज सिंह ने बताया कि आज कर्मचारियों की हड़ताल आठवें दिन से प्रवेश कर गई है। सफाई कर्मचारी यूनियन आगामी 24-25 मई को नरवाना में महापड़ाव करेंगे। ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन हरियाणा की राज्य के सभी जिलों ने एक स्वर में आंदोलन को तेज की चेतावनी देते हुए वार्ता के माध्यम से मसलों का समाधान करने की सांग की थी लेकिन सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंगी। उन्होंने कहा कि जनवरी से लेकर 13 मई तक अनेक बार मुख्यमंत्री, पंचायत मंत्री, मुख्य सचिव, पंचायत विभाग के महानिदेशक तथा कृष्ण बेदी के पास मांग पत्र भेजा जा चुका है। लेकिन सफाई कर्मियों को भाजपा की सरकार इंसान नहीं मान रही इसलिए वार्ता से मसलों का समाधान नहीं किया। सुखदेव सिंह व अन्य कर्मचारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार ने 31 दिसंबर के उच्च न्यायालय का आदेश लागू नहीं किया, एक भी कच्चे ग्रामीण सफाई कर्मचारी को पक्का नहीं, पिछले 12 साल में एक भी सफाई कर्मचारी की पक्की भर्ती नहीं की, ग्रामीण सफाई कर्मियों के लिए 26 हजार वेतन की घोषणा करके आज तक लागू नहीं किया, दो साल पहले 1 हज़ार की आबादी पर एक कर्मचारी भर्ती करने वाली फाइल मुख्यमंत्री की टेबल पर धूल चाट रही है। इस अवसर पर रामकुमार, सुखदेव सिंह, जगतार सिंह, विजय कुमार, बूटा सिंह, बिंदर सिंह रहे।



ओढ़ां। खंड कार्यालय के सामने मुख्यमंत्री का पुतला फूंकते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि



### सांसद कुमारी सैलजा ने कार्यकर्ताओं में भरा जोश

**फतेहाबाद।** सिरसा लोकसभा क्षेत्र से सांसद कुमारी सैलजा अपने फतेहाबाद दौरे के दौरान युवा कांग्रेस नेता मुकेश प्रजापति के निवास स्थान पर पहुंचीं। यहां पहुँचने पर मुकेश प्रजापति, उनके परिवार और कार्यकर्ताओं द्वारा सांसद का पगड़ी पहनाकर और फूल-मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। दौरे के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी की पुण्यतिथि भी मनाई गई। सांसद कुमारी सैलजा और उपस्थित कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी और देश के विकास में उनके योगदान को याद किया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद ने कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। दौरे के दौरान सांसद कुमारी सैलजा ने जलपान ग्रहण किया और मुकेश प्रजापति के परिवार का हाल-चाल जाना। युवा नेता मुकेश प्रजापति ने शहर की विभिन्न समस्याओं और क्षेत्र में बन रहे मेडिकल कॉलेज के विषय में सांसद के सामने विस्तार से चर्चा की।

**सम्मान समारोह** राष्ट्रीय अध्यक्ष बोले : समाज को बेटियों पर गर्व

# अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी ने होनहार बेटी काव्या और अपूर्वा को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

ऑल इंडिया खत्री पंजाबी कम्युनिटी संगठन की द्वारा शिवा पार्क, शिवपुरी में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष सूर्यवंशी ओमप्रकाश चुघ ने की, जबकि मंच संचालन प्रदेश सलाहकार पवन रूखाया द्वारा किया गया। इस बैठक के दौरान समाज और शहर का नाम रोशन करने वाली दो होनहार बेटियों काव्या चौधरी और अपूर्वा मेहता को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संगठन द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया गया।

उल्लेखनीय है कि काव्या चौधरी ने सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में 497 अंक प्राप्त कर कॉमर्स में ऑल इंडिया टॉप कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है, वहीं अपूर्वा मेहता ने छत्तीसगढ़ में आई सर्जन के रूप में पहला स्थान हासिल कर समाज का नाम चमकाया है।

सम्मान समारोह के दौरान संस्था द्वारा सबसे पहले दोनों बेटियों का तिलक लगाकर और फूल-मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा ने दोनों होनहारों को मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस खुशी के मौके पर संस्था के सदस्यों ने बेटियों से केक कटवाकर सभी का मुंह मीठा करवाया। समारोह में दोनों बच्चियों के माता-पिता भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बेटियों को आशीर्वाद देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष साहिब दयाल वधवा ने कहा कि आज समाज को अपनी इन बेटियों पर गर्व है।

इन्होंने अपनी कड़ी मेहनत से अपने माता-पिता, समाज और पूरे फतेहाबाद शहर का नाम रोशन किया है। हमें पूरी उम्मीद है कि ये बेटियां भविष्य में भी इससे बड़ी उपलब्धियां हासिल कर कामयाबी के नए शिखर छुएंगी। समारोह में संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बाल वाटिका स्कूल के संचालक राजन महतानी और डायरेक्टर रोजी महतानी को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार सुनील सचदेवा ने शिरकत की।



फतेहाबाद। सम्मान समारोह के दौरान मौजूद अधिकारी। फोटो: हरिभूमि

### इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

इस अवसर पर कानूनी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र कुकड़ेजा, जिला अध्यक्ष धर्मपाल चावला, जिला महासचिव परम अरोड़ा, चिकित्सक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र मेहता, मेहर चंद गिलहोत्रा, सुनीता आनंद, अंजलि कामरा, ममता रहेजा, बसंत रूखाया, संजय झंडई, रवि मेहता, विजय मक्कड़, राम निवास शर्मा, दुष्यंत शर्मा, गुरदयाल आनंद, पुरुषोत्तम फुटेला, सुमन लता सिवाच, सनी शर्मा, राधा कृष्ण नारंग, रामचंद्र सेठी, पंडित सनी शर्मा, आशु सचदेवा, गुरदीप सिंह बग्गा, जुगल किशोर धींगरा और श्याम सुंदर बाघला सहित भारी संख्या में संस्था के पदाधिकारी व शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### पीएचसी की चारदीवारी निर्माण को लेकर विवाद

**सिरसा।** जिला के गांव कालुआना स्थित सरकारी अस्पताल में बन रही चारदीवारी निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। अस्पताल के चौकीदार दूनी राम ने नींव में पुरानी और टूटी हुई ईंटें लगाने का आरोप लगाया है। चौकीदार दूनी राम का कहना है कि सरकारी पैसे से हो रहे इस निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया जा रहा है। चारदीवारी की नींव में नई ईंटों के बजाय पुरानी ईंटें लगाई जा रही हैं। इससे दीवार की मजबूती नहीं बनेगी और सरकारी धन की बर्बादी होगी। बताया जा रहा है कि गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बना है, जिसकी चारदीवारी कंडम होने पर उसे गिरा दिया गया। उसकी जगह नई दीवार बन रही है। अक्सर कार्य सरपंच के अधीन होते हैं। मगर दीवार में वहीं ईंटे दोबारा लगा रहे हैं, जबकि इनकी बोली लगनी थी। हालांकि, अभी तक संबंधित विभाग या ठेकेदार की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

### सीएमके में विभिन्न संकायों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कला, वाणिज्य, विज्ञान, जनसंचार, प्रबंधन एवं स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रक्रिया प्रारंभ की है। प्राचार्या अंशु उप्पल ने बताया कि स्नातक स्तर की प्रवेश प्रकिया बीती 7 मई से प्रारंभ हैं। प्रथम वर्ष के विभिन्न सकांयों विद्यार्थियों के लिए आवेदन आगामी 31 मई तक आवेदन किए जा सकते हैं। इसके पश्चात संपादन का कार्य आगामी 1 जून तक करवाया जा सकता हैं। आगामी 6 जून तक महाविद्यालय में डाक्यूमेंट्स सत्यापन इत्यादि का कार्य पूर्ण किया जाएगा। आागामी 8 जून को योग्य आवेदन महाविद्यालय के सूचनापट पर लगा दिए जाएंगे। आगामी 10 जून को प्रथम मेरिट सूचि अस्थायी व 11 जून को फाईनल मेरिट सूची सूचनापट्ट पर लगा दी जाएगी। जिसकी फीस 12 से 15 जून तक भरी जाएगी। उन्होंने बताया कि आनलाइन प्रवेश के लिए विद्यार्थीगण आवश्यक दस्तावेजों सहित प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करें।

### ठोस कचरा प्रबंधन पर्यावरण के लिए जरूरी : डीसी

**सिरसा।** उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण व स्वास्थ्य के दृष्टिगत ठोस कचरा प्रबंधन बेहद जरूरी है, इसलिए अधिकारी इस कार्य को प्राथमिकता से लें। ठोस कचरा प्रबंधन कार्य की समय-समय पर समीक्षा की जाए और इसकी रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त शुक्रवार को एनआईसी वीसी रूम में ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान अधिकारियों से ठोस कचरा प्रबंधन, कचरा एकत्रितकरण व इसके निस्तारण आदि बारे विस्तार से जानकारी लेते हुए इस दिशा में तेजी से कार्य करने बारे निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में ठोस कचरा प्रबंधन प्रशासन की प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में ठोस कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को और पूरी तरह से दुरुस्त किया जाए और इसके निस्तारण की जांच समय समय पर की जाए।



### अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर हुई प्रतियोगिता

**फतेहाबाद।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, धांगड़ में पेंटिंग एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हरियाणा राज्य जैव विविधता बोर्ड की जिला समन्वयक भारती अरोड़ा ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण एवं जैव विविधता संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वन विभाग से वनराजिक अधिकारी यशवीर सिंह तथा अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कड़वासरा, समाज सेविका अनीता क्रांति, न्यू जनरेशन सोशल वेलफेयर सोसाइटी से ओमप्रकाश खिचड़, वन दरोगा अमी लाल, ग्राम सचिव विजेंद्र कुमार, जैव विविधता प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष विनोद काकड़ व सदस्य कल्याण सिंह भाद्दू, शिव कुमार सरपंच प्रतिनिधि संदीप कुमार, स्कूल की प्राचार्य शारदा उपस्थित रहे।



### 497 अंक लेकर देश में टॉप करने वाली काव्या सम्मानित

**फतेहाबाद।** 12वीं कॉमर्स संकाय में 500 में से 497 अंक हासिल कर देशभर में टॉप करने वाली शहर की प्रतिभाशाली छात्रा काव्या चौधरी को सम्मानित करने का सिलसिला लगातार जारी है। नागरिक अधिकार मंच के पदाधिकारी काव्या के निवास पर पहुंचे और उसे सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंच के संयोजक राजीव सेतिया ने कहा कि काव्या ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल फतेहाबाद बल्कि पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर रही हैं और काव्या की उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। इस दौरान मंच के सह-संयोजक दुष्यंत शर्मा, पार्षद मोहनलाल नारंग, डॉ. पृथ्वी सिंह बाना, बनारसी दास मोंगा, पवन शर्मा और केदार जांगड़ा ने काव्या व उसके माता-पिता को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बेटी की इस ऐतिहासिक सफलता पर पूरा शहर गौरवान्वित महसूस कर रहा है।

## खबर संक्षेप



सिरसा। कुत्ते द्वारा काटा गया अध्यापक का पांव। फोटो: हरिभूमि

### जनगणना ड्यूटी के दौरान अध्यापक को कुत्ते ने काटा

**चौपटा।** क्षेत्र के गांव बकरियांवाली में जनगणना कार्य के दौरान अध्यापक पर कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया। इससे अध्यापक चक्कर खाकर गिर गया। अध्यापके के पैर में कई जगह पर निशान आए हैं। जानकारी के अनुसार यह घटना शुक्रवार सुबह 9 बजे की है। गांव में राजकीय प्राथमिक स्कूल के अध्यापक कुलदीप सिंह की जनगणना कार्य में ड्यूटी लगी हुई है। वह जनगणना के सिलसिले में एक घर पर पहुंचे थे। इसी दौरान पीछे से आकर कुत्ते ने पैर को काट लिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### चेक बाउंस मामले में दो वांछित दबोचे

**सिरसा।** पुलिस ने महत्वपूर्ण सुचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चेक बाउंस मामले में दो वांछित भगोड़े आरोपियों को कोर्ट परिसर सिरसा से गिरफ्तार कर लिया है। पीओ स्टाफ प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही हुए। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्जकर जांच पीओ स्टाफ सिरसा को सौंपी गई थी।

### आठ ग्राम हेरोइन सहित आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा की एक पुलिस टीम ने गांव बडागुढ़ा क्षेत्र से एक युवक को 8 ग्राम 31 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव बडागुढा क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी जब गांव बडागुढा के नजदीक पहुचीं तो सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस पार्टी ने शक के आधार पर उक्त युवक को काबू कर उसके कब्जा से 8 ग्राम 31 मिलीग्राम हैरोइन बरामद की।

### एचपीवी वैक्सीन के बारे में किया जागरूक

**सिरसा।** गांव भंबूर के पंचायत घर में शुक्रवार को लिंगानुपात में सुधार के लिए मीटिंग आयोजित की गई। इस मीटिंग में एचडब्ल्यूसी से स्टाफ आंचल सीएचओ, गोविंद कुमार एमपीएचडब्ल्यू, एएनएम कविता रानी, सीएचओ सोनिया, एलएचवी सुखदेव, दर्शना आशा कोर्डिनेटर व आशा वर्कर्स के साथ-साथ गांव के सरपंच राकेश कुमार, पंचायत मैंबर, आरएमपी डॉक्टर तथा ग्रामीण उपस्थित थे। मीटिंग में उपस्थित सभी सदस्यों ने लिंगानुपात में सुधार के लिए अपने-अपने सुझाव दिए। लिंगानुपात सुधार के साथ-साथ एचपीवी वैक्सीन के बारे में भी ग्रामीणों को बताया गया। उन्होंने बताया कि एचपीवी वैक्सीन अत्यधिक सुरक्षित है।

# सरकार की अनदेखी से दलदल बन रही किसानों की उपजाऊ भूमि: बलवान

## जाण्डवाला बागड़ में किसान-मजदूर महापंचायत, सरकार के खिलाफ भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

प्रशासन और सरकार की अनदेखी के चलते आज भट्टू क्षेत्र की हजारों एकड़ उपजाऊ भूमि सेम और जलभराव के कारण दलदल में तब्दील हो चुकी है। यह सिर्फ फसलों की बर्बादी नहीं, बल्कि हमारे गांवों के अस्तित्व और किसानों-मजदूरों के भविष्य पर सीधा हमला है। अब इस कुंभकर्णी नींद में सोई सरकार से अपने हक और मुआवजे के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने का समय आ गया है। यह तीखे शब्द राजस्थान के भादरा से पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ किसान नेता बलवान सिंह ने गांव जाण्डवाला बागड़ के मेन चौक पर आयोजित विशाल किसान-मजदूर महापंचायत में मुख्य वक्ता के तौर पर किसानों को संबोधित करते हुए कहे। भट्टू क्षेत्र में ड्रेन, बाढ़, सेम और भारी जलभराव से बर्बाद हुई फसलों के उचित मुआवजे तथा

■ सरकार के खिलाफ किया आर पार की लड़ाई का ऐलान



भट्टूकलां। जांडवाला बागड़ में महापंचायत को संबोधित करते किसान नेता। फोटो: हरिभूमि

इस समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर अखिल भारतीय किसान सभा, तहसील कमेटी भट्टू कलां द्वारा इस महापंचायत का आयोजन किया गया था। इस ऐतिहासिक महापंचायत की अध्यक्षता किसान नेता मास्टर हनुमान सिंह, बीर सिंह सिहाग, साधूराम भादू और हरदत सिंह ने संयुक्त रूप से की, जबकि मंच संचालन सुभाष चन्द्र भादु व रिछपाल सिंह द्वारा किया गया। पूर्व विधायक बलवान सिंह ने कहा कि सेम और ड्रेन की समस्या कोई नई नहीं है, लेकिन सरकार के पास इसका कोई स्थायी ब्लूप्रिंट नहीं है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, अधिकारी एसी दफ्तरों से बाहर निकलें और आकर देखें कि किसान किस तरह अपनी बर्बाद फसलों के बीच आंसू बहा रहा है। जब तक ड्रेन की सफाई और सेम की रोकथाम के लिए पक्के इंतजाम नहीं होते और प्रभावित किसानों को एक-एक एकड़ का पूरा मुआवजा नहीं मिल जाता, तब तक यह आंदोलन रुकने वाला नहीं है। अगर प्रशासन ने जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए, तो आने वाले दिनों में इस संघर्ष को और उग्र किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह सरकार की होगी।

### किसान झेल रहे आर्थिक नुकसान

महापंचायत को मुख्य रूप से संबोधित करते हुए किसान नेता सुमित दलाल व किसान सभा के जिला प्रधान विष्णु दत्त ने कहा कि ड्रेन और बाढ़ की मार से आज अन्नदाता और मजदूर भारी आर्थिक नुकसान झेल रहे हैं। सरकार को चेताते हुए नेताओं ने कहा कि यदि समय रहते समाधान और मुआवजा नहीं मिला, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर रोहताश डुडी, रामस्वरूप पूर्व जिला पार्षद, संदीप धीरणवास, दिनेश कुमार, राजेन्द्र प्रसाद बाटु, प्रकाश ममेरा, सतबीर धायल, दिवान सहारण, मनीष गोरखपुरिया, संदीप बैनिवाल आदि मौजूद रहे।



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

# संतुलित भोजन व व्यायाम रखते हैं स्वस्थ जीवन की नीवः डॉ. रत्नला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

क्रेसंट स्कूल में विद्यार्थियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए कैंसर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना एवं उन्हें जीवन में स्वास्थ्य के महत्व से परिचित कराना था। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को केवल जानकारी ही नहीं दी, बल्कि उनके मन में स्वास्थ्य के प्रति जिम्मेदारी और सजगता का भाव भी जागृत किया। डॉ. रत्नला तुलशी कुमारी एक प्रख्यात प्रिवेंटिव ऑकोलॉजिस्ट एवं राइट टू लाइफ फाउंडेशन से जुड़ी सामाजिक कार्यकर्ता एवं कैंसर जागरूकता द्वारा विद्यार्थियों को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के कारणों, उसके प्रारंभिक संकेतों एवं बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि संतुलित जीवनशैली, पौष्टिक भोजन, नियमित व्यायाम एवं समय पर स्वास्थ्य जांच एक स्वस्थ जीवन की मजबूत नींव बनते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं रुचि के साथ भाग लेते हुए अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। विद्यालय परिसर में ज्ञान, जागरूकता एवं सकारात्मक सोच का प्रेरणादायक वातावरण देखने को मिला। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने कहा कि एक जागरूक विद्यार्थी ही एक स्वस्थ समाज एवं सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल एकेडमिक रूप से नहीं, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र के प्रति संवेदनशील बनाना है।

■ क्रेसंट स्कूल में हुआ कैंसर जागरूकता अभियान

# ब्लॉक टॉपर छात्रा को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जिला के गांव बिज्जूवाली स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 12वीं कक्षा की ब्लॉक टॉपर मेडिकल छात्रा को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह सत्र 2025-26 में 12वीं और 10वीं कक्षा में मेरिट प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया था। इस अवसर पर बिज्जूवाली और रामगढ़ ग्राम पंचायतों के सरपंच सदस्यों, एसएमसी कमेटी के सदस्यों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। विद्यालय स्टाफ ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर उन्हें इनाम देकर प्रोत्साहित किया। प्राचार्य दीपक कुमार ने बताया कि जन्नत ने राजकीय विद्यालयों में बारहवीं मेडिकल संकाय में 500 में से 475 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। 10वीं कक्षा की छात्रा कोमल ने 500 में से 484 अंक प्राप्त कर ब्लॉक में टॉप किया। उन्होंने बताया कि दसवीं कक्षा में कुल 20 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान बनाया।

■ 10वीं कक्षा की कोमल ने 484 अंकों से ब्लॉक स्तर पर किया टॉप



सिरसा। मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो: हरिभूमि


# अधिकारियों के साथ कोर्ट में भी लगाई न्याय की गुहार

■ चिकित्सक गुलेरिया ने लगाए फर्जी जेई बनकर जमीन पर अतिक्रमण करने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चिकित्सक डॉ. भागीरथ सिंह गुलेरिया ने नगरपरिषद व डीटीपी विभाग पर उनकी जमीन पर अतिक्रमण करने व सरकारी खाल को तोडक़र नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए हैं। साथ ही उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि फर्जी जेई के सहारे नगरपरिषद भूमाफियाओं को संरक्षण दे रहा है।

हालांकि ये मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। शुक्रवार को मीडिया से रूबरू होते हुए डॉ. गुलेरिया ने बताया कि उनकी शांतिनगर, भारतनगर व शिवनगर के बीच में भूमि है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी भूमि के आसपास कुछ लोगों ने अवैध कॉलोनी काटी हुई है, जिसका अभी कोई रास्ता नहीं है। इस अवैध कॉलोनी की डीटीपी ने स्वयं कोर्ट को दिए अपने जवाब में पुष्टि की है। डॉ. गुलेरिया के मुताबिक डीटीपी ने लिखा है कि आज नहीं तो कल सरकार द्वारा इन कॉलोनियों को नियमित कर ही दिया जाएगा, जिससे ये स्पष्ट होता है कि विभाग के अधिकारी भी इसमें मिले हुए हैं और वे खुद अतिक्रमण के साथ-साथ भूमाफियाओं को संरक्षण दे रहे हैं।



सिरसा। डॉ. भागीरथ गुलेरिया पत्रकारों से मुखातिब होते। फोटो: हरिभूमि

### नाजायज रूप से गाड़े पोल

डॉ. गुलेरिया ने बताया कि फरवरी माह में उनके पास नगरपरिषद में पत्र आया कि आपने अवैध निर्माण किया हुआ है। इसके बाद उन्होंने पत्र के जवाब में कहा कि जो भी निर्माण किया गया है, वो वाजिब है और मेरी अपनी भूमि में है और इस सिलसिले में लोक अदालत में केस लगा हुआ है जिसकी बीती 19 मई को सुनवाई थी, लेकिन पीछे से मुकेश कुमार नाम का व्यक्ति आता है, जो अपने आप को नगर परिषद का जे. ई. बता रहा था। वह उनके खेत में बिना नंबर की जेसीबी लेकर 5-6 अन्य लोगों के साथ मिलकर आया और सरकारी खाल को नाजायज रूप से तोड़ दिया। यही नहीं धक्केशाही करके वहां पोल गाड़ दिए।



फतेहाबाद। डीएवी पुलिस स्कूल में विद्यार्थियों को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

## डीएवी पुलिस स्कूल में विद्यार्थियों को स्तन कैंसर और ल्यूकेमिया पर किया जागरूक

**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस स्कूल में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए कैंसर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के तौर पर डॉ. रंताला तुलसी कुमारी ने भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को भारत में बढ़ते कैंसर के मामलों के प्रति जागरूक करते हुए विशेष रूप से स्तन कैंसर एवं ल्यूकेमिया जैसी गंभीर बीमारियों के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। सत्र के दौरान विद्यार्थियों को कैंसर की विभिन्न अवस्थाओं, प्रारम्भिक पहचान के तरीकों तथा इसके प्रमुख जोखिम कारकों के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ. तुलसी कुमारी ने जंक फूड के अत्यधिक सेवन, प्लास्टिक के उपयोग तथा दूषित भोजन, जल एवं मिट्टी को कैंसर के बढ़ते कारणों में शामिल बताया। उन्होंने एचपीवी वेक्सीनेशन के महत्त्व एवं उपचार के बढ़ते खर्च को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य बीमा की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। साथ ही कैंसर के उपलब्ध उपचारों एवं इसके दीर्घकालिक दुष्प्रभावों की जानकारी भी विद्यार्थियों के साथ साझा की गई। यह सत्र अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा, जिसने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं निवारक स्वास्थ्य उपायों के प्रति जागरूक किया और कहा कि स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, कैंसर से बचाव पाएं।

# साइबर अपराधी फिंगर सेल्फी से बना रहे लोगों को शिकारः एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने आमजन को साइबर अपराधों से सतर्क रहने की अपील करते हुए एक विशेष एडवाइजरी जारी की है। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग के कारण अब साइबर अपराधी लोगों की साधारण सेल्फी और सोशल मीडिया पर डाली गई तस्वीरों का भी गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। विशेष रूप से फोटो लेते समय दो उंगलियों से पीस साइन या विक्ट्री साइन दिखाने की आदत लोगों के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों की रिपोर्ट के अनुसार, एआई आधारित आधुनिक टूल्स अब हाई-क्वालिटी तस्वीरों से फिंगरप्रिंट डेटा निकालने में सक्षम हो रहे हैं। यदि किसी फोटो में व्यक्ति की उंगलियां कैमरे की ओर स्पष्ट दिखाई देती हैं तो एआई तकनीक के माध्यम से फिंगरप्रिंट्स को अधिक स्पष्ट बनाकर उनका दुरुपयोग किया जा सकता है। इससे मोबाइल फोन, डिजिटल लॉकर, बैंकिंग एप्स और अन्य बायोमेट्रिक सुरक्षा प्रणालियों को खतरा पैदा हो सकता है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी केवल फिंगरप्रिंट ही नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों से व्यक्ति की लोकेशन, दैनिक दिनचर्या और निजी जानकारी भी जुटा सकते हैं। इन जानकारियों का उपयोग कर हैकर्स वित्तीय धोखाधड़ी, और पहचान चोरी जैसी वारदातों को अंजाम दे सकते हैं।

■ सोशल मीडिया पर डाली गई तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर रहे ठग



सिरसा। शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के शुभारंभ के दौरान अतिथियों के साथ साधक।

## योग सिखाता है श्रेष्ठ जीवन जीने की कला : चंद्रपाल

**सिरसा।** भारत स्वाभिमान ट्रस्ट एवं पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में चल रहे शिक्षक प्रशिक्षण शिविर में शुक्रवार को विशेष सत्र का आयोजन हुआ जिसमें मुख्यातिथि पतंजलि सोशल मीडिया सह-राज्य प्रभारी हेमराज सपरा थे। हेमराज सपरा ने योग साधकों को कहा कि एक युद्ध अपने विरुद्ध भी लडऩा होता है। यदि हमें अपने आप को स्वस्थ, ऊजार्वान और सफल बनाना है तो सबसे पहले स्वयं को पहचानना होगा। राज्य प्रभारी चंद्रपाल योगी ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि मनुष्य ओर प्रकृति के साथ एकत्व का भाव पैदा करता है और व्यक्ति के नित्यकर्म में बदलाव करके मौसम अनुसार आने वाले विपरीत प्रभाव को सहने की शक्ति प्रदान करता है। योग श्रेष्ठ जीवन व रोगमुक्त जीने की कला भी सिखाता है। नियमित योग, प्राणायाम और ध्यान करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत और विचार सकारात्मक बनते हैं। योग तनाव, मोटापा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कब्ज और मानसिक चिंता जैसी अनेक समस्याओं में लाभकारी है। योग से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती हैं। शिविर में सरोज सपरा ने भी योग साधकों को नियमित योग करने, सात्विक भोजन अपनाने तथा संयमित जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## भाजपा का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आज से

**सिरसा।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 23 और 24 मई को महेश्वरी सदन में किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष एडवोकेट यतींद्र सिंह ने बताया कि प्रदेशभर में संगठनात्मक रूप से जिला प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जा रहे हैं और इसी क्रम में सिरसा जिले का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग शुक्रवार और शनिवार को आयोजित होगा। इसमें जिले के सूचीबद्ध कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में कुल 12 सत्र आयोजित किए जाएंगे। इससे पहले सिरसा जिले के सभी 12 मंडलों में भी कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें समर्पित कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक एवं वैचारिक प्रशिक्षण दिया गया था। एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक कार्यप्रणाली और जनसेवा से जुड़े विषयों की जानकारी कार्यकर्ताओं तक प्रभावी रूप से पहुंचाना है। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को संगठन की सबसे बड़ी पूंजी मानती है ।

■ 23 व 24 मई को महेश्वरी सदन पर होगा प्रशिक्षण महाभियान



सिरसा। नशा मुक्ति की शपथ लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## विद्यार्थियों के जीवन को सकारात्मक दिशा दे शिक्षक : प्रो विजय

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय में डीन छात्र कल्याण कार्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में नशा मुक्ति एवं एंटी ड्रग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कुलपति प्रो. विजय कुमार ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति को ही नहीं बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दें। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों की जिम्मेदारी केवल शिक्षा प्रदान करना ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक एवं सामाजिक मूल्यों के प्रति जागरूक करना भी है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. सुरेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। जिला इंस्पेक्टर सीमा ने बतौर मुख्य वक्ता विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि से नो टू ड्रग्स। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति का पैकेट या सामान अपने पास रखना या कहीं पहुंचाना गंभीर कानूनी परेशानी का कारण बन सकता है।

**बैठक** बेहतर लिंगानुपात पर मंत्री श्रुति चौधरी ने जिले को किया था सम्मानित

# लिंगानुपात 900 से कम वाले गांव प्रशासन के रडार पर, जिले में चलेगा जागरूकता अभियान

अल्ट्रासाउंड सेंटरों की निगरानी बढ़ाने और पीसी-पीएनडीटी एक्ट के पालन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले में गिरते लिंगानुपात को सुधारने और पीसी-पीएनडीटी एक्ट की सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाने के लिए शुक्रवार को सिविल सर्जन कार्यालय में जिला समुचित प्राधिकरण एवं जिला सलाहकार समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में कम लिंगानुपात वाले गांवों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने और अल्ट्रासाउंड सेंटरों की निगरानी बढ़ाने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. बुधराम ने की। इसमें जिला न्यायवादी देवेंद्र कुमार मित्तल, सहायक जिला न्यायवादी नवदीप बल्हारा, नोडल अधिकारी डॉ. निरपाल चंद, डॉ. नीति पुनिया, डॉ. मनीष टुटेजा, डॉ. वरुण मुंजाल, कानूनी सलाहकार विपिन सरदाना, जय सिंघल, कंप्यूटर सहायक रामनिवास तथा डीईओ पीएनडीटी दीपक कुमार सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिले में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटरों को पीसी-पीएनडीटी एक्ट के नियमों की सख्ती से पालना करवाने पर जोर दिया गया।



फतेहाबाद। जिला सलाहकार समिति की बैठक में चर्चा करते अधिकारी।

### लिंगानुपात सुधार में पाया दूसरा स्थान

अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग हरियाणा द्वारा 13 मई 2026 को जारी निर्देशों पर चर्चा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जिन गांवों का लिंगानुपात 900 से कम है, वहां समय-समय पर जागरूकता रैलियां निकाली जाएं और विशेष निरीक्षण अभियान चलाए जाएं। बैठक में यह भी बताया गया कि महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बेहतर लिंगानुपात के लिए फतेहाबाद जिला को सम्मानित किया गया था। इस दौरान डॉ. बुधराम, जिला न्यायवादी देवेंद्र कुमार मित्तल, बाल विकास अधिकारी कविता और नोडल अधिकारी डॉ. निरपाल चंद को प्रशंसा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि लिंगानुपात सुधार में फतेहाबाद ने प्रदेशभर में दूसरा स्थान हासिल किया है।

### आरोही स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल रहे मेधावी सम्मानित

**फतेहाबाद।** आरोही मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, बनगांव में बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त शानदार अंक पर एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को उपहार देकर उनकी मेहनत और उपलब्धियों की सराहना की और उनके अभिभावकों को बधाई दी। बीईओ सुरेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन ने न केवल आपके माता-पिता और शिक्षकों का गौरव बढ़ाया है, बल्कि यह साबित करता है कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। आप आगामी परीक्षाओं में भी इसी उत्साह के साथ आगे बढ़ें। इस मौके पर 12वीं कक्षा की आरजू, कोमल, आयुषी, सिमोना, महक और मोहित तथा 10वीं कक्षा की नेहा, दीप्ति और किरण को विशेष सम्मानित किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 8291554800, 7988727916